तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

12 जोन गढ़फुलझर में लक्ष्य महासमुंद प्रशिक्षण ...



12 घुंचापाली में साइबर सुरक्षा जागरुकता एवं ...





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं.
8

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

# दोपहिया वाहन चालकों की लापरवाही पर लगातार हो रही चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा अभियान

जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विशेष सघन अभियान तेज कर दिया है। बीते एक सप्ताह में चलाए गए इस अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 5 लाख 42 हजार रुपये से अधिक समन शुल्क जारी किए गए।

यातायात पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले 929 चालकों के विरुद्ध ई-चालान जारी कर 4 लाख 64 हजार 500 रुपये का समन शुल्क लगाया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हेलमेट न पहनने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इसी प्रकार तेज गति से वाहन चलाने वाले 13 चालकों पर 20 हजार 500 रुपये, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले 10 चालकों पर 5 हजार रुपये तथा वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले 5 चालकों पर 1 हजार 500 रुपये का समन शुल्क लगाया गया। सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन खड़े करने वालों पर भी कार्रवाई करते हुए 29 वाहनों पर नो पार्किंग के तहत 10 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले एक वाहन पर 2 हजार रुपये का समन शुल्क जारी किया गया। अभियान के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए एक वाहन चालक को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां उसे 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। संबंधी दस्तावेजों की कमी एवं अन्य उल्लंघनों पर 41 वाहनों के विरुद्ध 12 हजार 400 रुपये का समन शुल्क लगाया गया।


## अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई




### सरायपाली में भी शुरू हुई ई-चालान कार्रवाई

यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अब जिला मुख्यालय के साथ-साथ सरायपाली शहर में भी ई-चालान प्रणाली लागू कर दी गई है। यहां विशेष रूप से बिना हेलमेट वाहन चालकों पर निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा प्रतिदिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पॉइंट स्थापित कर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस ने केवल दंडात्मक कार्रवाई तक सीमित न रहते हुए जनजागरूकता पर भी विशेष जोर दिया है। यातायात पुलिस एवं विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित 15 सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से 2 हजार से अधिक लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, सड़क सुरक्षा नियमों तथा नशे में वाहन न चलाने के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम बेलसोंडा निवासी अशोक चंद्राकर 19 जुलाई की शाम वापस अपने घर जा रहा था। उसी समय रास्ते में रमेश चंद्राकर के घर के सामने चेतन चंद्राकर उसे देखकर गाली गलौज करने लगा। जब अशोक ने गाली गलौज करने मना किया तब रमेश मारपीट की। बीच बचाव करने आए पंचराम चंद्राकर व विष्णु चंद्राकर के साथ भी आरोपी ने गाली गलौज की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### सब्जी मंडी के पास से स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** सब्जी मंडी बागबाहरा के पास से स्कूटी चोरी होने के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि नेतराम देवांगन 17 जून को स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीजे 8037 से महासमुंद से ग्राम साल्हेभांठा जा रहा था। करीब 11 बजे सब्जी बागबाहरा के पास स्कूटी को खड़ी कर बाजार गया था, वापस लौटने पर उक्त जगह पर स्कूटी नहीं थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** रायपुर से अपने ग्राम आमाकोनी जा रहे एक बाइक चालक की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। घटना में बाइक में सवार एक युवक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी पवन कुमार यादव का लड़का चेतन यादव और भतीज टोकेश्वर यादव के साथ 19 जुलाई को मोटर सायकल डिलक्स क्र सीजी 04 क्यूई 3695 से रायपुर से घर वापस आ रहा था। दोपहर करीब 2.40 बजे बोरियाझर मोड़ के पहले एनएच 353 रोड के पास बागबाहरा की ओर से आ रहे ट्रक क्र केए 01 एजे 1666 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में चेतन यादव की सिर में गंभीर चोट लगने से मृत्यु हो गई वहीं टोकेश्वर यादव के सिर में चोट आई।

## बारिश: बरसते पानी में पसीना बहा रहे जिले के किसान, अच्छी पैदावार की जगी उम्मीद

# रातभर हुई बारिश के बाद सुबह से किसान खेतों में सक्रिय, रोपाई कार्य में आई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बीते 48 घंटों से रुक-रुककर हो रही मानसूनी बारिश ने जिले के खेती किसानी में जान फूंक दी है। खेतों की प्यास बुझने के साथ ही किसानों को तगड़ी फसल की उम्मीद जाग गई है। यह आशा किसानों के चेहरों में साफ नजर आने लगी है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में अच्छी बारिश की संभावना के चलते धान की बोआई में तेजी आएगी।

1 जून से 20 जुलाई तक जिले में 424.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो इस अवधि की सामान्य बारिश से अधिक है। लगातार सक्रिय मौसम प्रणालियों के चलते फिलहाल मानसून की रफ्तार थमने के आसार नहीं हैं। बारिश का दौर चक्रवातीय परिसंचरण और द्रोणिका के प्रभाव से बना हुआ है। रविवार देर रात शुरु हुई बारिश सुबह तक जारी रही। खेतों में पर्याप्त नमी बनने से किसान धान की रोपाई और बोआई कार्य में जुट गए हैं। लंबे इंतजार के बाद मिली अच्छी बारिश से खेती की रफ्तार बढ़ी है और सिंचाई पर निर्भरता भी कम हुई है।

कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो किसानों को सलाह दी गई है कि मौजूदा मौसम का लाभ उठाकर धान की बोआई जल्द पूरी करें। उन्होंने कहा कि यदि बारिश थमने के बाद मौसम साफ रहे तो खरपतवार नियंत्रण के लिए सुबह या शाम के समय ही निंदानाशक का छिड़काव करना बेहतर रहेगा। जिले के अलग-अलग विकासखंडों में भी अच्छी वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2026 से अब तक 424.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 565.9 मिलीमीटर, सरायपाली में 511.1 मिलीमीटर, महासमुंद में 413.4 मिलीमीटर, बागबाहरा में 364.6 मिलीमीटर, बसना में 356.5 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 335.4 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 20 जुलाई को 13 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में महासमुंद तहसील में 29.7 मिलीमीटर, कोमाखान में 20 मिलीमीटर, पिथौरा में 15.6 मिलीमीटर, बागबाहरा में 12 मिलीमीटर एवं सरायपाली तहसील में 0.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।



### खाड़ी से झारखंड तक बना सिस्टम

मौसम विभाग के अनुसार इस समय उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, झारखंड और उससे लगे उत्तरी ओडिशा के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है। इसके साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के आसपास चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है, जबकि एक द्रोणिका पश्चिम बंगाल तक फैली हुई है। इन तीनों मौसम प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव से छत्तीसगढ़ में लगातार नमी पहुंच रही है। यही कारण है कि जिले में अगले दो दिनों तक मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह सिस्टम बना रहा तो जुलाई के शेष दिनों में भी अच्छी वर्षा होने की संभावना है, जिससे खरीफ फसलों को भरपूर लाभ मिलेगा। भू-जल स्तर भी बढ़ेगा।

### सड़कों पर पानी, गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी

बारिश किसानों के लिए राहत लेकर आई है, लेकिन शहरवासियों की मुश्किलें भी बढ़ा गई है। कई प्रमुख और अंदरूनी सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है और फिसलने व दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग की ओर से किए जा रहे पैचवर्क को लोग नाकाफी बता रहे हैं।



### मोटर साइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम गेर्रा के एक ऑटो पाट्‌र्स दुकान के सामने बाइक चोरी के मामले में आरोपी को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी तुलाराम बाघ निवासी ग्राम टेमरी ने रिपोर्ट लिखाई है कि अनिल आटो पाट्‌र्स में अपनी मोटर सायकल हीरो सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीयू 2348 को बनाने दिया था, जिसे रात में किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 44/26 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति कुटेला चौक सरायपाली के पास मोटर सायकल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। बलौदा पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर घेराबंदी कर संदिग्ध आरोपी को पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर संदेही ने अपना नाम करण बेहरा पिता श्याम बेहरा (22 वर्ष) निवासी बाजार पारा सरायपाली का होना बताया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर अर्जुंडा तिराहा के आगे पदमपुर रोड पर निर्माणाधीन मकान के पीछे से बाइक को बरामद किया।

### सड़क पर बैठे मवेशी बढ़ा रहे दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के बीटीआई मार्ग में इन दिनों आवारा मवेशियों का अड्डा बना हुआ है। बारिश होने के बाद कीचड़ से बचने के लिए मवेशी सड़क पर जगह देखकर बैठ रहे हैं जिसके चलते वाहनों को इन्हें बचाते हुए चलने के फेर में अन्य राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका में हैं। शहर के इस महत्वपूर्ण मार्ग में जगह-जगह गढ्डे हो गए हैं। सड़क पर बैठे होने के कारण रात के समय या बारिश के दौरान इन मवेशियों को देख पाना मुश्किल हो जाता है, जिससे हादसे की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।तस्वीर में भी शहर के व्यस्त मार्ग पर सड़क के बीच बैठा एक मवेशी साफ दिखाई दे रहा है, जबकि उसके आसपास से वाहन गुजर रहे हैं। यह स्थिति न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रही है, बल्कि लोगों की जान को भी खतरे में डाल रही है।



## खबर का असर





**महासमुंद।** झलप से बागबाहरा को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग की पिछले करीब दो साल की बदहाल स्थिति की खबर प्रमुखता से प्रकाशन के बाद सोमवार को दिन भर अफसरों ने यहां सुधार और राहत कार्य कराया गया। मरम्मत कार्य होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

## विधायक ने कहा: लोगों को मिलेगी तत्काल स्वास्थ्य सुविधा

# दो नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। स्व. मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक चातुरी नंद ने दो नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक चातुरी नंद ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में समय पर उपचार और मरीजों को शीघ्र अस्पताल तक पहुंचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इन दोनों नई एंबुलेंस के संचालन से सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिलने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से विशेष आग्रह किया था, जिसके सकारात्मक परिणामस्वरूप सरायपाली क्षेत्र को दो नई एंबुलेंस की सौगात मिली है। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया।



विधायक चातुरी नंद ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार करना है। ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर जीवन स्तर और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई एंबुलेंस के संचालन से दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर बीएमओ डॉ नारायण साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरायपाली शहर अध्यक्ष कमल अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली ग्रामीण अध्यक्ष तेजराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष भारत मेश्राम, विधायक प्रतिनिधि अरमान हुसैन, अनस खान, घूराउ चौहान, शीतल सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### देशी प्लेन शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से देशी शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सरायपाली से बालसी की ओर अपनी मोटर सायकल से अवैध रूप से देशी प्लेन शराब परिवहन कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने उक्त व्यक्ति को रोका और पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम श्रीराम जायसवाल पिता श्याम सुंदर जायसवाल (57 वर्ष) लंबर होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे 40 नग शेरा देशी प्लेन शराब कीमत 3200 रुपए और बाइक को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।



## खबर संक्षेप



### मिनीमाता स्मृति दिवस की तैयारी में जुटा सतनामी समाज

**रायपुर।** सतनामी समाज की गुरुमाता व छग प्रदेश की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता की 11 अगस्त को 54 वी.पुण्यतिथि 'स्मृति दिवस' के रूप में मनाई जाएगी। रविवार को कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सतनामी समाज की अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें सभी की सहमति व सुझावों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। आयोजन समिति संरक्षक शकुन डहरिया, अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि समाज की ओर से राजधानी में राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां माताजी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद कर प्रतिवर्ष की भांति प्रदेश की उत्कृष्ट महिलाओं तथा 10वीं-12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके पूर्व पंडरी स्थित मिनीमाता की आदमकद प्रतिमा पर प्रातः पुष्पांजलि सभा होगी। बैठक के दौरान इस वर्ष से पत्रकार स्व. सुखनंदन बंजारे की स्मृति में पत्रकारिता सम्मान प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, राजधानी के उत्कृष्ट पत्रकार को यह सम्मान दिया जाएगा। बैठक में संरक्षक शकुन डहरिया, केपी खण्डे, एमडी माहिलकर, सुंदरलाल जोगी, एसके सोनवानी, बंशीलाल कुर्रे, मनोज बंजारे, संतोष महिलांग सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### विधि छात्र संध्या ने एआईबी की परीक्षा की उत्तीर्ण

**रायपुर।** सौ. कुसुम ताई दाबके (एसकेटीडी) विधि महाविद्यालय से एलएलबी की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद विधि छात्रा संध्या विभार ने पहली



बार में ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (एआईबीई) भी सफलता के साथ उत्तीर्ण कर अधिवक्ता के रूप में अपने विधिक जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अधिवक्ता भगवानू नायक, अधिवक्ता उर्वशी घोष पाल एवं अधिवक्ता पारसमणि नायक सहित अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि ऑल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण करना किसी भी विधि स्नातक के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उसके ज्ञान, परिश्रम एवं विधि के प्रति समर्पण का परिचायक है।

### डीएपी खाद नहीं मिल रही किसान 2400 में एनपीके खरीदने को मजबूर

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमतों में उछाल और डीएपी की किल्लत के कारण किसानों को महंगी एनपीके खाद खरीदनी पड़ रही है। भारी कमीशन और 'टैगिंग' के चलते डीलर्स कम सब्सिडी वाली एनपीके को ऊंची दरों (लगभग 1900 से 2450 प्रति बैग) पर बेचने के लिए मजबूर कर रहे हैं। एनपीके की ऊंची दरें और किसानों का मुख्य आरोप है कि डीएपी की भारी कमी के कारण उन्हें एनपीके लेने के लिए मजबूर किया जाता है। खरीफ सीजन के दौरान वैश्विक तनाव के प्रभाव से एनपीके के दाम 2450 प्रति बैग तक पहुंच गए हैं। भारी कमीशन के कारण एनपीके ऊंची दर पर किसान स्तरहीन खाद लेने मजबूर हैं। भाजपा सरकार किसानों को खून के आंसू रुलाने पर उतारू है। किसानों को लगातार चोट पहुंचाने का कार्य साय सरकार कर रही है। इस मौके पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने डीएपी के बदले एनपीके गुणवत्ताहीन देने के निर्णय का विरोध कर आक्रोश प्रकट करते हुए सरकार पर भारी कमीशन लेने का आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि एक महीने में ही 1000 रुपए प्रति बोरी दाम बढ़ना और उसी खाद को किसानों के लिए भेजना केवल कमीशन खाने का माध्यम है। किसानों को उसे भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

# फायरमैन भर्ती में व्यापम ने पूछा-अग्निशमन यंत्र के आवश्यक गुण, कैसे बुझाएं बिजली से लगी आग?

*छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने रविवार को फायरमैन भर्ती परीक्षा आयोजित की। इसके लिए व्यापम को प्रदेशभर से 6325 आवेदन मिले थे। इनमें से 88.25 प्रतिशत कैंडिडेट्स परीक्षा में शामिल रहे, शेष ने परीक्षा छोड़ दी। फायरमैन के 117 पदों के लिए हुई इस भर्ती परीक्षा के लिए केंद्र सिर्फ रायपुर में ही बनाए गए थे। सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 तक परीक्षा आयोजित की गई। नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं के अंतर्गत रिक्त पदों पर यह भर्ती परीक्षा हुई। परीक्षा में कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। इस लिखित परीक्षा में कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परीक्षार्थियों से पूछे गए सवाल अत्यंत रोचक रहे। फायरमैन पदों के लिए परीक्षा होने के कारण आग बुझाने संबंधित सवालों की अधिकता रही। विद्युतजनीत आग को बुझाने कौन से अग्निशमन यंत्र का प्रयोग किया जाता है? लकड़ी, कागज, कपड़ा और रबर जैसे सामान में लगने वाली आग किस श्रेणी में आती है?

अग्नि त्रिभुज किन तत्वों से निर्मित होता है? प्रभावी एवं उत्तम अग्निशमन यंत्र के आवश्यक गुण कौन-कौन से हैं, जैसे सवालों के साथ अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण, निकासी परिवहन, अग्नि सुरक्षा प्रणाली के घटक संबंधित सवाल भी पूछे गए।

**117 पदों पर होगी इसके माध्यम से भर्ती**

**88.25% रही उपस्थिति, 6325 ने किया था आवेदन**



### छत्तीसगढ़ संबंधित सवाल

- राज्य में औद्योगिक विकास का मुख्य केंद्र
- छग में नई फसल आने के समय कौन सा गीत गाते हैं?
- मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए छग सरकार द्वारा कौन सा पुरस्कार प्रदान किया जाता है?
- राज्य का संवैधानिक प्रमुख कौन है?
- छग की किस मिट्टी में चिकनी मिट्टी की मात्रा सर्वाधिक पाई जाती है?
- बस्तर का महान मुक्ति संग्राम किस नाम से जाना जाता है?
- छग में बौद्ध धर्म का सबसे प्राचीन और प्रमुख केंद्र कौन सा है?
- जशपुर पाट के दक्षिण में कौन सा जिला स्थित है?
- कालक्रमानुसार छग के राज्यपालों के नाम।
- शिवनाथ के पार में मैदान में कौन सी नदियां प्रवाहित होती हैं?
- छग में दशहरे पर सोनपत्ती देने की परंपरा किसने प्रारंभ की थी?

### यूपीएससी की परीक्षा में पहुंचे सिर्फ 32%

*व्यापम के अलावा यूपीएससी की भी परीक्षा रविवार को थी। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के अंतर्गत रिक्त सहायक कमांडेंट पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक यह परीक्षा संचालित हुई। इसके लिए रायपुर में चार केंद्र बनाए गए थे। यूपीएसस को इसके लिए 1704 आवेदन मिले थे। इनमें से सिर्फ 538 अर्थात 31.57% ही परीक्षा दिलाने पहुंचे।*

## कंसल्टेंट एजेंसी हायर करने नगर निगम ने जारी किया ऑनलाइन टेंडर

# जलभराव के लिए 98 क्षेत्र संवेदनशील स्थायी समाधान के लिए 220 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में जलभराव के समस्या के स्थायी समाधान के लिए रायपुर नगर निगम ने कंसल्टेंट हायर करने ऑनलाइन टेंडर जारी किया है। चयनित कंसल्टेंट एजेंसी शहर के जलभराव की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में जाकर पहले फील्ड सर्वे करेगी, इसके बाद स्टडी कर अपनी रिपोर्ट निगम प्रशासन को सौंपेंगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर आगे डीपीआर तैयार होगी। यह प्रोजेक्ट 3 साल में पूरा होगा। भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने रायपुर शहर की जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम द्वारा भेजे गए 220 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे दी है। इसमें से 30 फीसदी फंड की राशि प्रथम किस्त के रूप में केंद्र सरकार से मिलनी है, पिछले दो माह से रायपुर नगर निगम को इस राशि के मिलने का इंतजार है।

दरअसल शहरी बाढ़ जोखिम विकास प्रोजेक्ट के लिए देश के 9 चुनिंदा शहरों का चयन भारत शासन के बाढ़ आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किया गया है। चयनित शहरों में भोपाल, भुवनेश्वर, गौहाटी, जयपुर, कानपुर, त्रिवेंद्रम, पटना, विशाखापट्टनम और रायपुर शामिल है। प्रथम चरण में केंद्र ने छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर और उत्तरप्रदेश के कानपुर शहर के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। रायपुर नगर निगम के अधीक्षण अभियंता इमरान खान ने बताया कि देश के प्रमुख 9 शहरों में से रायपुर का प्रपोजल ही सबसे पहले स्वीकृत हुआ था और रायपुर नगर निगम ने ही सबसे पहले इस प्रोजेक्ट में कंसल्टेंट हायर करने टेंडर किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत केंद्र सरकार से 90 फीसदी राशि और राज्य का अंशदान 10 फीसदी रहेगा।

**केंद्र से प्रथम किस्त की 30 फीसदी राशि 2 माह बाद भी नहीं हुई रिलीज**



### 9 मई 2024 को मांगा था प्रस्ताव

भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा रायपुर शहर को जलभराव की समस्या से निराकरण के लिए 220 करोड़ का प्रावधान रखते हुए 9 मई 2024 को पत्र के माध्यम से प्रस्ताव मांगा। नगर निगम ने 2 वर्ष पूर्व इस संबंध में जोन स्तर पर सर्वे कराने के बाद शहर में ऐसे 98 इालके चिन्हांकित किए, जो जलभराव की दृष्टि से संवेदनशील माने जाते हैं। इन क्षेत्रों की वार्डवार सूची बनाकर समस्या के स्थायी समाधान का सुझाव देते हुए प्रारंभिक स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर केंद्र को भेजा था। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, नगर निगम द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को अलग-अलग स्तर पर रिवाइज करने के बाद केंद्र ने 12 मई 2026 को स्वीकृति भेज दी।

### जलभराव समस्याग्रस्त इन इलाकों को किया था चिन्हांकित

- मोवा अंडरब्रिज से जब्बार नाला वाला क्षेत्र
- शंकर नगर अशोका टॉवर वाला इलाका
- आनंद नगर के पास मौलीपारा राजातालाब क्षेत्र
- चूड़ीलाइन गोलबाजार- दुकानों में भरता है बारिश का पानी
- कुशालपुर दंतेश्वरी मंदिर के आसपास का क्षेत्र, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर एरिया, हनुमान नगर प्रयाग नगर, प्रियदर्शिनी नगर, व्हाइट हुड इटालिया के सामने
- उद्योग भवन से तेलीबांधा ब्रिज तक
- गोकुलनगर, अक्षत विहार, शाश्वत नगर
- बूढ़ेश्वर मंदिर से एमआर रोड ब्रह्मपुरी तक
- एनआईटी के सामने वाला क्षेत्र
- समता-चौबे कालोनी मुख्य मार्ग से कृष्णा टाकीज मोड़ तक
- भाठागांव से आछी तालाब अंतिम छोर से मुख्य नाला तक
- पीहर मैरिज पैलेस से खारुन नदी के समीप एसटीपी आउटलेट तक
- भाठागांव काठाडीह मुख्य मार्ग से नदी के पास स्थित एसटीपी तक
- दलइल सिवनी द्वारिका विहार, दयानगर, अवनी विहार
- मोवा की दुबे कालोनी

लभांडी बस्ती, सांईनगर जोरा
तेलीबांधा थाना के सामने
विधायक विश्रामगृह के पास
मेडिशाइन हास्पिटल से महात्मा गांधी नगर तक

**इसके अलावा जलभराव प्रभावित अन्य क्षेत्र जोन स्तर पर चिन्हाकित किए गए।**

### 220 करोड़ के प्रोजेक्ट में इस तरह होंगे कार्य

- *111 करोड़ की लागत से शहर में बड़ा नाला निर्माण की योजना*
- *तालाबों को आपस में जोड़ने का कार्य, ताकि पारंपरिक जलस्त्रोत का संरक्षण हो सके।*
- *ब्लू ग्रीन ईंधन का कांसेप्ट*
- *रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य*
- *इको पार्क बनाए जाएंगे, ताकि शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार हो*
- *बाढ़-आपदा की समयसीमा पूर्व चेतावनी का सिस्टम, जो कि अभी तक शहर में विकसित नहीं हुआ है।*
- *शहरभर में व्यापक स्तर पर होगा सर्वे, ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जाएगी।*

*यह कार्य राष्ट्रीय शहरी बाढ़ आपदा नियंत्रण कार्यक्रम के तहत किया जाएगा।*

# नार्थ जोन के थाना क्षेत्र में पुलिस का चेकिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नार्थ जोन के अलग-अलग थाना क्षेत्र के संवेदनसील स्थानों में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर 80 लोगों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में कार्रवाई की है। कार्रवाई डीसीपी दीपमाला कश्यप के निर्देश पर की गई। पुलिस ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर नियंत्रण तथा असामाजिक तथा आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने चेकिंग अभियान चलाया।

- **80 के खिलाफ कार्रवाई, संवेदनशील क्षेत्र में पैदल गश्त**

चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने 32 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, 18 पर आबकारी तथा एक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। 29 व्यक्तियों को बाउंडओवर किया गया। डीसीपी तथा अन्य पुलिस अधिकारी तथा कर्मचारियों के साथ पैदल गश्त पर निकलीं। इस दौरान पुलिस ने आम लोगों के साथ कारोबारियों से संवाद कर किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि मिलने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने अपील की।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा गांजा तस्कर

चेकिंग के दौरान पुलिस को गुढ़ियारी छोर की तरफ रेलवे स्टेशन के पास एक युवक के पास गांजा होने की सूचना मिली। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दौलत सहारे को पकड़कर उसकी बोरी की जांच की। जांच में बोरी के अंदर 10.350 किलो गांजा मिला। उसके खिलाफ पूर्व में जुआ, आबकारी तथा नारकोटिक्स एक्ट के आधा दर्जन प्रकरण दर्ज हैं।

# दो साल के बाद भी वाटर हार्वेस्टिंग, नए तालाब भवनों के मरम्मत सहित सैकड़ों कार्य अधूरे

**फंड जारी नहीं होने से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य ठप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दो साल से विकास कार्य ठप पड़े हैं। फंड जारी नहीं होने के कारण ग्राम पंचायतों में स्वीकृत आवश्यक कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग, नए तालाब, आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत, नई आंगनबाड़ी, तालाब गहरीकरण-पचरी, नाली निर्माण, मुक्तिधाम, प्रतीक्षालय समेत अन्य कार्य लंबित है।

इधर स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने के लिए जनपद एवं ग्राम पंचायतों को भी फंड जारी होने का इंतजार है, क्योंकि बिना फंड के वे भी कार्य प्रारंभ करा नहीं पा रहे हैं।

### 800 वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य लंबित

*महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और जल स्रोत बढ़ाने के लिए वर्ष 2024 में वाटर हार्वेस्टिंग, तालाब गहरीकरण-पचरीकरण सहित नए तालाब निर्माण, डबरी एवं कुआं के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इनमें वाटर हार्वेस्टिंग के 2043 कार्य शामिल हैं, जिनमें से मई 2025 तक 1159 कार्य ही पूर्ण हो पाए थे। सूत्रों के अनुसार, इसके बाद से लेकर अब तक लगभग 100 से 150 कार्य ही पूर्ण हुए हैं। इस तरह वर्तमान में लगभग 8 सौ वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य अभी भी लंबित हैं।*

### सभी ब्लॉक में सैकड़ों कार्य अटके

*मनरेगा के तहत जिले के अभनपुर, आरंग, धरसींवा एवं तिल्दा ब्लॉक क्षेत्रों के लिए कुल 4598 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। सूत्र के अनुसार इनमें से लगभग 3050 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहीं 15 सौ से ज्यादा कार्य अभी तक अपूर्ण हैं। इन सभी ब्लॉक में सबसे ज्यादा आरंग में कार्य अपूर्ण हैं। आरंग ब्लॉक में कुल 1817 स्वीकृत कार्यों में 1257 कार्य पूर्ण हुए हैं, जबकि 560 अपूर्ण हैं। इसी प्रकार तिल्दा ब्लॉक में स्वीकृत 1193 कार्यों की तुलना में 842 पूर्ण एवं 351 अपूर्ण, धरसींवा ब्लॉक में स्वीकृत 579 कार्यों में 410 पूर्ण एवं 169 अपूर्ण तथा अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र में कुल स्वीकृत 1008 कार्यों में से 732 पूर्ण एवं 276 अपूर्ण हैं।*

## केदार बोले- बिना तथ्य और मुद्दों के लाया गया अविश्वास प्रस्ताव कांग्रेस की हताशा का प्रतीक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के विरुद्ध कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा, यह प्रस्ताव कांग्रेस की हताशा, राजनीतिक दिवालियापन और नेतृत्व संकट का प्रतीक है। कांग्रेस के पास न कोई ठोस मुद्दा बचा है, न कोई सकारात्मक एजेंडा और न ही जनता का विश्वास। केवल सुर्खियों में बने रहने और अपनी आंतरिक कलह को छिपाने के लिए कांग्रेस यह दिशाहीन अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई थी।

श्री कश्यप ने कहा, विधानसभा की चर्चा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि राज्य सरकार के खिलाफ एक भी तथ्यात्मक और तार्किक आरोप प्रस्तुत करने में कांग्रेस पूरी तरह विफल रही। विपक्ष का पूरा प्रयास केवल भ्रम फैलाने और राजनीतिक माहौल बनाने तक सीमित रहा, लेकिन सदन में उनकी रणनीति पूरी तरह बेनकाब हो गई। श्री कश्यप ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के भ्रष्टाचार, कुशासन और वादाखिलाफी को पहले ही नकार चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतार रही है। किसानों के हित में निर्णय, महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और पारदर्शी सुशासन सरकार की प्राथमिकता है।

# बिजली दफ्तर के सामने स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रायपुर शहर जिला कांग्रेस द्वारा स्मार्ट मीटर के खिलाफ बुढ़ापारा बिजली कार्यालय के समक्ष विरोध-प्रदर्शन किया गया एवं लोगों को पुराने मीटर लगवाने संबंधी फार्म बांटे गए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने आरोप लगाया कि एक तरफ आमजन बिजली कटौती और ट्रांसफार्मर फेल होने से गर्मीभर परेशान रहे, उसके बाद भी प्रदेश की साय सरकार ने ढाई साल में पांच बार बिजली के दामों में वृद्धि कर हर परिवार से वसूली शुरू कर दी है। प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, ओम श्रीवास ,सुशांत डे, दाऊलाल साहू, कमलेश नथवानी, राज देवांगन, अर्जुमन ढेबर, मुन्ना मिश्रा, प्रवीण चंद्राकर, सुरेंद्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थिति थे।



### स्मार्ट मीटर बदले जाएं : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, स्मार्ट मीटर के कारण जनता परेशान है, लोगों का बिल तीन गुना तक बढ़कर आया है। उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश से स्मार्ट मीटर वापस लिए हैं। हमारी मांग है कि छत्तीसगढ़ से भी स्मार्ट मीटर वापस लिए जाएं। उत्तरप्रदेश सरकार ने माना कि स्मार्ट मीटर में बिजली की खपत ज्यादा बताई जा रही है। योगी मंत्रिमंडल ने इसे बदलने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ में भी इसे वापस लिया जाए। श्री बैज ने कहा कि स्मार्ट मीटर आम आदमी को लूटने का जरिया बन गया है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है, स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है।

# पीएम आवास के लिए हितग्राहियों से लेंगे 1.45 लाख का अंशदान, पहली किस्त 10 हजार रुपए

*रायपुर, बिलासपुर भिलाई, बीरगांव धमतरी और रिसाली में बनेंगे मकान*

*प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत छत्तीसगढ़ में स्वीकृत अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) मॉडल-1 परियोजनाओं के लिए राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने सभी संबंधित नगर निगमों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार चयनित हितग्राहियों से कुल 1.45 लाख रुपये का अंशदान लिया जाएगा। इसमें 10 हजार रुपए पहली किस्त के रूप में जमा कराने होंगे, जबकि शेष 1.35 लाख रुपए 36 मासिक किस्तों में 3,750 रुपए प्रतिमाह जमा कराए जाएंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यह निर्देश भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र के संदर्भ में जारी किए गए हैं। मंत्रालय ने 23 फरवरी 2026 को आयोजित केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी थी।पहले होगा सत्यापन, फिर जारी होगा आवंटन पत्रसूडा ने नगर निगमों को निर्देश दिया है कि सभी चयनित हितग्राहियों का सत्यापन कर उनकी जानकारी भारत सरकार के यूनिफाइड वेब पोर्टल पर संबंधित परियोजनाओं से लिंक की जाए। पहली किस्त जमा होने के बाद हितग्राहियों को निर्धारित प्रारूप में आवंटन पत्र जारी किया जाएगा।

### 27 परियोजनाओं में बनेंगे मकान

दस्तावेज के अनुसार योजना के तहत कुल 8,987 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें सबसे अधिक आवास भिलाई और बिलासपुर नगर निगम क्षेत्रों में हैं। परियोजनाएं रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, बीरगांव, धमतरी और रिसाली नगर निगम क्षेत्रों में संचालित होंगी। रायपुर में कोटा, सरोना, लाभांडी, शंकर नगर-मठपुरैना और कचना, जबकि बिलासपुर में पंप हाउस, मिट्टीटीला , तालापारा और मिनीमाता सहित कई स्लम पुनर्वास परियोजनाएं शामिल हैं।

### शर्तों का उल्लंघन करने पर आवंटन हो सकता है निरस्त

*आवंटन की शर्तों में स्पष्ट किया गया है कि यदि हितग्राही आवास छोड़ देता है, अनधिकृत निर्माण करता है, नियमों का उल्लंघन करता है या गलत जानकारी देकर लाभ प्राप्त करता है तो नगर निगम आवंटन निरस्त कर सकता है। ऐसी स्थिति में मकान का कब्जा वापस लेने तथा नियमानुसार कार्रवाई का भी प्रावधान रखा गया है।*

### पंजीयन शुल्क हितग्राही देगा

*दस्तावेज के अनुसार प्रत्येक आवास के लिए पट्टा विलेख का पंजीयन अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ने पट्टा पंजीयन के लिए स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान की है, लेकिन पंजीयन शुल्क का भुगतान हितग्राही को स्वयं करना होगा। इसके अलावा बिजली, पानी, संपत्ति कर तथा अन्य स्थानीय करों का भुगतान भी हितग्राही के जिम्मे रहेगा।*

### प्रमुख तथ्य

*प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 कुल स्वीकृत आवास: 8,987 हितग्राही अंशदान: 1,45,000 पहली किस्त:10,000 शेष राशि: 1,35,000 मासिक किस्त: 3,750 (36 माह)आवंटन क्षेत्र: रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, बीरगांव, धमतरी और रिसालीपट्टा अवधि: 30 वर्ष, स्टाम्प शुल्क: राज्य सरकार द्वारा छूट, पंजीयन शुल्क हितग्राही देगा।*

# अब महंगाई राहत के लिए दूसरे राज्य की सहमति जरूरी नहीं, पेंशनरों को मिलेगा समय पर लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत प्रदान किए जाने की वर्तमान पारस्परिक सहमति की व्यवस्था पर पुनर्विचार करते हुए प्रशासनिक सुगमता एवं पेंशनरों के हित में महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, अब महंगाई राहत घोषित करने के लिए दूसरे राज्य की सहमति प्राप्त करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। साथ ही पेंशनरों को देय महंगाई राहत में वृद्धि के लिए विधायी संशोधन की आवश्यकता नहीं होगी



तथा दोनों राज्य सीधे कार्यकारी आदेश जारी करेंगे। महंगाई राहत में वृद्धि से संबंधित वित्तीय भार की जानकारी दोनों राज्य एक-दूसरे को पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे तथा कोई भी राज्य केंद्र सरकार द्वारा घोषित महंगाई राहत की दर से अधिक दर घोषित नहीं करेगा। यह आदेश डॉ. रोहित यादव, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग तथा मनीष रस्तोगी, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## दृष्टिबाधित छात्राओं को बांटे यूनिफॉर्म और सामग्री



**रायपुर।** बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी) रायपुर की दृष्टिबाधित छात्राओं के लिए विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर छात्राओं को स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की गई तथा उनकी शिक्षा को सुगम बनाने के लिए ब्रेल सामग्री उपलब्ध कराने की पहल की गई। यूनिफॉर्म वितरण के बाद सीजी बीईए के पदाधिकारियों ने संस्था प्रबंधन से छात्राओं की शैक्षणिक आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस पर सीजी बीईए एवं सहयोगी बैंकों के प्रतिनिधियों ने तत्काल सहयोग का निर्णय लेते हुए ब्रेल पेपर के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। कार्यक्रम में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड रायपुर की ओर से श्री तिवारी एवं वार्डन भगवती उपस्थित रहीं। वहीं छत्तीसगढ़ बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष ओम वर्मा, चेयरमैन शिरीष नलगुंडवार, उप महासचिव अनुपम एक्का, वरिष्ठ साथी बिष्ट, एसके अग्रवाल, मनमीत एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पिंक ऑटो वाली दीदियों को कपड़े की नई थैलियां बांटीं



**रायपुर।** शुभांगी आप्टे ब्रांड एंबेसडर नो प्लास्टिक कैंपेन मोर रायपुर और स्वच्छता अभियान एंबेसडर नगर निगम रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा नया रायपुर के राखी गांव में पिंक ऑटो वाली दीदियों (महिला ई-रिक्शा चालकों) को पर्यावरण संरक्षण के लिए नई कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सेनेटरी नैपकिन भी दिए। सभी 35 बहनें अपने पिंक ऑटो के साथ उपस्थित रहीं। सबके ऑटो में स्टीकर भी लगाए गए। सभी दीदियां हरी ड्रेस में पिंक ऑटो के साथ पहुंची थीं। राखी गांव से चंद्रिका दीदी और पवन तिवारी और नम्रता घई के सहयोग से कार्यक्रम हुआ। 12 बजे अपनी ड्यूटी से फ्री होकर सभी समय पर उपस्थित हुई। सभी अपने परिवार की जिम्मेदारी पूरी करने के साथ ही परिवार को आर्थिक मदद भी कर रही हैं। उन्हें उनके ऑफिस में लगाने के लिए भारत माता की फोटो भी भेंट दी गई। संजय आप्टे और अर्चना जतकर का पूरा सहयोग रहा।

**नई व्यवस्था:** यदि गांव में कोई संदिग्ध अथवा बाहरी व्यक्ति ठहरता है, तो संबंधित थाना प्रभारी को देंगे उसकी सूचना

# गांवों की सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत: कोटवार अब रखेंगे हर गतिविधि पर नजर, पुलिस ने जारी किए अहम दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में गांवों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा ग्राम कोटवारों की पुलिस थानों में उपस्थिति एवं दायित्वों को लेकर जारी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों के पालन के लिए शनिवार 19 जुलाई को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में ग्राम कोटवारों की बैठक आयोजित की गई।

महासमुंद जिले के चारों अनुविभाग महासमुंद, पिथौरा, सरायपाली एवं बागबाहरा के अंतर्गत थानों में ग्राम कोटवारों की ली गई इस बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) एवं संबंधित थाना प्रभारियों ने ग्राम कोटवारों को उनके दायित्वों एवं नई व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गांवों में आने वाले प्रत्येक बाहरी व्यक्ति का विवरण दर्ज करने के लिए 'मुसाफिरी पंजी' संधारित करना अनिवार्य होगा। यदि कोई संदिग्ध अथवा बाहरी व्यक्ति गांव में ठहरता है, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित थाना प्रभारी को देना होगी। बैठक में कोटवारों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ सप्ताह में कम से कम दो बार संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थित होकर अपने गांव की साप्ताहिक गतिविधियों एवं महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराएं। वहीं थाना प्रभारी भी निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्रामवार मुसाफिरी पंजी का निरीक्षण करेंगे तथा संदिग्ध गतिविधियां पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

पुलिस अधिकारियों ने कोटवारों से कहा कि वे गांवों में होने वाली आपराधिक गतिविधियों, संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही, अस्वाभाविक मृत्यु अथवा अज्ञात शव की सूचना, कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा शांति बनाए रखने से जुड़ी प्रत्येक महत्वपूर्ण जानकारी समय-समय पर पुलिस को उपलब्ध कराएं। बैठक में विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि कोटवार गांव में रहने वाले किरायेदारों, मुसाफिरों, फेरीवालों, लोगों को सरकारी अथवा निजी योजनाओं के नाम पर गुमराह करने वालों,



**ग्राम कोटवार अपने गांव में आने वाले प्रत्येक नए व्यक्ति का विवरण दर्ज करने के लिए मुसाफिरी पंजी तैयार करेंगे एवं उसका नियमित संधारण करेंगे, प्रत्येक द्वितीय एवं चतुर्थ सप्ताह (माह में कम से कम दो दिवस) ग्राम कोटवार संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थित होकर साप्ताहिक ग्राम गतिविधियों एवं रिपोर्ट की देंगे जानकारी**

कम समय में पैसा दोगुना करने का लालच देने वालों, अवैध मार्केटिंग एवं निवेश योजनाओं का प्रचार करने वालों, अधिक आय का प्रलोभन देकर मजदूरों को बाहर ले जाने वाले दलालों, मर्ग तथा गांव में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रमों की जानकारी भी नियमित रूप से संबंधित थाना अथवा चौकी को उपलब्ध कराएं।

बैठक में उपस्थित ग्राम कोटवारों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया है। आपात स्थिति में 112, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, अपने आसपास की अनैतिक गतिविधियों की शिकायत हेतु व्हाट्सएप नंबर 94792-29939 के बारे में दी गई जानकारी। किसी भी दुर्घटना, विवाद या आपात स्थिति में 112 पर कॉल करने से पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम तत्काल मौके पर पहुंचती है। कम से कम समय में सहायता प्राप्त करने के लिए इस सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया है। क्षेत्र में गौवंश तस्करी को रोकने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। यदि किसी को भी गौवंश तस्करी या अवैध परिवहन की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत नजदीकी थाने या संवाद हेल्पलाइन नंबर 9479229939 पर सूचना दें। साइबर ठगी का शिकार होते हैं, तो देरी न करें। तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, किसी भी शिकायत या आपातकालीन सूचना, त्वरित सहायता हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर 94792-29939 पर देंवे। संदिग्ध बाहरी, अप्रवासी होने की सूचना हेतु जारी टोल फ्री नंबर 1800-233-1905 का भी प्रचार हेतु निर्देशित किया गया। गांवों की सतत निगरानी और त्वरित सूचना आदान-प्रदान को और प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक थाना क्षेत्र में ग्राम कोटवारों का व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया जा रहा है, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा महत्वपूर्ण सूचना को तत्काल पुलिस तक पहुंचाया जा सके।

पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित ग्राम कोटवारों से कहा की एक ग्राम कोटवार. पुलिस और ग्रामीणों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके सक्रिय सहयोग से गांवों में अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में और अधिक सफलता मिलेगी।

# बैंक ऑफ बड़ौदा का 119वां स्थापना दिवस मनाया, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में आयोजित 119वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद ने बैंक की स्थापना करने वाले सयाजीराव गायकवाड़ को नमन करते हुए कहा कि 1908 में गुजरात के बड़ोदरा शहर से शुरुआत होने के बाद देश-विदेश में लगभग 5300 बैंक की शाखाएं फैली हुई हैं।

लीड बैंक प्रबंधक प्रकाशचंद्र मेहर ने बैंक के कहा कि बैंक की शुरुआत 10 लाख रुपए की चुकता पूंजी के साथ एक निजी बैंक के रूप में हुई थी। लगातार प्रगति करते हुए 1969 में 13 प्रमुख बैंकों के साथ भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीयकरण किया गया। आज विदेशों में भी बैंक की शाखाएं हैं। 2019 में विजया बैंक और देना बैंक का विलय बैंक ऑफ बड़ौदा में हुआ, जिससे आज देश की दूसरी बड़ी बैंक के रूप में सार्वजनिक क्षेत्र में कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य प्रबंधक संदीप साव ने आभार व्यक्त किया।



इस अवसर पर बैंक के ग्राहक जसपाल सिंह चीमा, अथर्व शर्मा, प्रबंधक अभिषेक भारती, प्रबंधक दीपक फुटेल, जीवन बरा, तरुण साहू, चंदन कहार, ईश्वर सिन्हा सहित बड़ी संख्या में बैंक के ग्राहक उपस्थित थे।

# टीमें बनाने के दो माह बाद भी जांच शुरू नहीं

**रायपुर।** रायपुर और धमतरी जिले में भारत माला परियोजना में हुए मुआवजा घोटाले के मामले में पूर्व संभाग कमिश्नर द्वारा बनाई गई टीमें अब तक जांच शुरू नहीं कर पाई हैं। इस तरह जांच का आदेश भी कागजों तक सिमटकर रह गया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं तत्कालीन संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने सेवानिवृत्त होने से पहले शासन के निर्देश पर लगभग दो महीने पहले रायपुर और धमतरी जिले में भारत माला मुआवजा घोटाले में किसानों से अधिग्रहित एक-एक खसरा नंबर की जमीन एवं मुआवजा राशि की जांच के लिए दो समितियों का गठन किया था। इससे पहले कि समितियां जांच शुरू करतीं, 30 मई को कमिश्नर सेवानिवृत्त हो गए। उनके स्थान पर श्याम धावड़े नए कमिश्नर नियुक्त हुए हैं, लेकिन उनके आने के बाद से समितियां सिर्फ कागजों पर ही बनी हुई हैं। अब तक दोबारा जांच शुरू नहीं हो पाई है। संभाग कमिश्नर महादेव कावरे के कार्यकाल में भारत माला मुआवजा घोटाले में 40 ग्रामों से दावा-आपत्ति आई थीं। इसके अलावा कई शिकायतें भी मिली थीं, लेकिन जांच समितियों ने सिर्फ दावा-आपत्ति से संबंधित आवेदनों के आधार पर जांच की थी। इन समितियों में रायपुर और धमतरी जिले के सक्षम अधिकारी से लेकर विभिन्न तहसील क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी शामिल किए गए थे।

# दर्राभाठा स्कूल के विद्यार्थियों को कापी, पेन व अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण

**सरायपाली।** शासकीय प्राथमिक शाला दर्राभाठा, संकुल केंद्र बैदपाली में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास एवं अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से बच्चों को उपयोगी शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को पहाड़ा, पेन एवं कॉपी प्रदान की गई। आराध्या स्पोर्ट्स की ओर से पहाड़ा व पंच सुशीला कुमार की ओर से कॉपी की व्यवस्था की गई थी।

विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में नियमित अध्ययन, लेखन अभ्यास एवं गणितीय दक्षता को बढ़ावा देना है। प्राथमिक स्तर पर पहाड़ा सीखना बच्चों की गणितीय समझ को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को पहाड़ा उपलब्ध कराकर उन्हें नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं पेन एवं कॉपी के वितरण से बच्चों को लिखने-पढ़ने के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध हुई, जिससे उनके अध्ययन कार्य में सुविधा होगी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, प्रतिदिन पढ़ाई करने, लिखने का अभ्यास करने और दिए गए पहाड़ा को याद करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक शैक्षणिक सामग्री प्राप्त की और इस पहल के प्रति खुशी व्यक्त की।



इस अवसर पर प्रधान पाठक हृदयराम साव ने कहा कि बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने से उनमें पढ़ाई के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ ऐसी गतिविधियां भी आवश्यक हैं, जो उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करें। शिक्षक जयंत बारीक ने कहा कि बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही नियमित अभ्यास की आदत डालना अत्यंत आवश्यक है। पहाड़ा गणितीय दक्षता की नींव मजबूत करता है, जबकि कॉपी और पेन बच्चों में लेखन कौशल विकसित करने में सहायक होते हैं। विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीबिका कुमार ने अपनी ओर से सभी बच्चों को कॉपी भेंट किया बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने तथा अपने शिक्षकों और अभिभावकों के मार्गदर्शन का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# टैक्स और ई-20 पेट्रोल की पुरानी कारों पर मार, चौपट हो गया 70 फीसदी कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम आदमी का सपना भी अपने घर के साथ ही कार का भी होता है। जो मध्यम वर्ग नई कारें नहीं ले पाते, वे पुरानी कारें खरीदकर अपना सपना पूरा करते हैं। ऐसे में प्रदेश में कुछ समय पहले तक पुरानी कारों का बड़ा कारोबार होता था। हर माह नई कारों से डबल करीब दस हजार पुरानी कारें बिकती थीं, लेकिन अब पुरानी कारों का धंधा 70 फीसदी चौपट हो गया है। इसके पीछे का कारण कारोबारी टैक्स और ई-20 पेट्रोल को बताते हैं। इस कारण अब हर माह मुश्किल से दो से तीन हजार कारें ही बिक पा रही हैं। आने वाले समय में इसका कारोबार पूरी तरह से चौपट होने की संभावना है।

अपने प्रदेश में भी पुरानी कारों का बड़ा बाजार है। राजधानी रायपुर के साथ ही दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर और कोरबा सहित कई शहरों में पुरानी कारें बेचने वाले बहुत कारोबारी हैं। सबसे बड़ा कारोबार दुर्ग-भिलाई और रायपुर में होता है। रायपुर में तो मारुति कार बेचने वाली कंपनी का भी पुरानी कारें बेचने का कारोबार है। अन्य शहरों में भी मारुति कार कंपनी के डीलर पुरानी कारें बेचते हैं। कुछ और कंपनियों के डीलर भी पुरानी कारें बेचने का काम करते हैं।

**कम बजट की कारें ही बिक रहीं :** कारोबारियों के मुताबिक, अभी जो हर माह दो से तीन हजार कारें बिक रही हैं, वो सब कम बजट वाली कारें हैं। इनकी कीमत एक से तीन लाख है। ज्यादा बजट वाली कारें लेने से लोग बच रहे हैं। पांच से दस लाख बजट वाली कारों का कारोबार लगभग नहीं के बराबर हो गया है।

**बच्चों की हताशा आत्महत्या की जिम्मेदार मोदी सरकार**

# महंत बोले- पेपर लीक का संकट अब राष्ट्रीय महामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, पेपर लीक का संकट अब एक राष्ट्रीय महामारी का रूप ले चुका है। मोदी सरकार आने के बाद से देश में अब तक 150 से अधिक पेपर लीक की घटनाओं ने 7.5 करोड़ छात्रों और उनके परिवारों को सीधे प्रभावित किया है, लेकिन अब तक एक भी दोषी को सजा नहीं मिली है। लाखों अभ्यर्थी भारी दबाव के बीच औसतन पांच वर्षों तक प्रतिदिन 10 घंटे पढ़ाई कर परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। इस तैयारी में न केवल अभ्यर्थियों, बल्कि उनके परिवारों को भी भारी आर्थिक बोझ और त्याग का सामना करना पड़ता है। क्योंकि अन्य अवसरों के दरवाजे उनके लिए बंद होते जा रहे हैं, इसलिए हर साल लगभग 9 करोड़ अभ्यर्थियों को केवल 6 लाख सरकारी नौकरियों के लिए संघर्ष करना पड़ता है। श्री महंत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, पेपर लीक के खिलाफ कोटा से राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत करने के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देहरादून में आयोजित छात्रों की गूंज महारैली को संबोधित किया। इस विशाल आमसभा के माध्यम से उत्तराखंड के युवाओं के बीच पेपर लीक माफिया के खिलाफ लड़ाई को और मजबूती दी गई। एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेस की प्रदेश इकाइयों के माध्यम से पेपर लीक के खिलाफ अभियान सड़क से लेकर संदन तक पूरे देश में लगातार आगे बढ़ रहा है। श्री महंत ने कहा, देश में छात्रों ने जैसा बताया जो जन चर्चा है उसके अनुसार नीट यूजी 2026 में 40 लाख रुपए, आईआईटी-जेईई 2021 में 15 लाख रुपए, उत्तराखंड पटवारी 2025 में 15 लाख रुपए, बिहार शिक्षक भर्ती 2024 में 10 लाख रुपए, ओडिशा पुलिस सब-इंस्पेक्टर 2025 में 25 लाख रुपए में परीक्षा पत्र बेचे गए।

**न्यायालय तहसीलदार कोमाखान**
**जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //

क्रमांक / 2998 / तह./ वा. / 2026
कोमाखान, दिनाँक 13/07/2026
रा.प्र.क्र...ब/121/ वर्ष 2025-26
ग्राम :- परसुली, प.ह.न. 17 रा.नि.मः नर्रा
तहसील :- कोमाखान जिला :- महासमुन्द

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री राधे दीवान पिता साधुराम जाति कंवर उम्र 67 वर्ष निवासी ग्राम परसुली तहसील कोमाखान के द्वारा माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनकी पुत्री मालतीबाई पिता राधे दीवान का जन्म ग्राम परसुली में दिनांक 07.09.1990 को हुआ है। किन्तु आवेदक एवं उनके परिजनों की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण वे मालतीबाई पिता राधे दीवान की जन्म की सूचना नियत समय में संबंधित अधिकारी को नहीं दे पाया। जिसके कारण आवेदक की पुत्री मालतीबाई पिता राधे दीवान का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपनी पुत्री मालतीबाई पिता राधे दीवान का जन्म दिनांक 07.09.1990 को ग्राम परसुली में होने की घटना पंजीकृत किए जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 28/07/2026 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप / उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप / उजर/ दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान



**खबर संक्षेप**

## सप्ताहभर में बना देवेंद्र का डुप्लीकेट लाइसेंस



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनहितकारी पहल सीएम हेल्पलाइन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। एक कॉल पर लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। इसका एक सकारात्मक उदाहरण तब देखने को मिला, जब बलौदाबाजार जिले के निवासी देवेंद्र सिंह को डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में आ रही परेशानी का समाधान मात्र एक सप्ताह के भीतर मिल गया। देवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने समस्या के समाधान के लिए सीएम हेल्पलाइन 1076 में अपनी सुविधानुसार जिले के परिवहन विभाग में अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होते ही परिवहन विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई और एक सप्ताह के भीतर ही उनका डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर दिया गया। समस्या के त्वरित समाधान से देवेंद्र सिंह ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति और जिला परिवहन विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आज हनुमान चालीसा का पाठ करेगी आप

**महासमुंद।** प्रदेशभर की सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी 21 जुलाई (मंगलवार) को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करेगी। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रदेश और देश में शांति, सद्भाव, सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और जनसेवा की भावना को मजबूत करने का सामूहिक संकल्प होगा। पार्टी नेताओं ने बताया कि यह कार्यक्रम आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी, दिल्ली के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक मुकेश अहलावत के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश के प्रत्येक जिला, ब्लॉक एवं विधानसभा स्तर पर पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। पार्टी का मानना है कि आज समाज को कटुता, वैमनस्य और नकारात्मक राजनीति से ऊपर उठकर सत्य, सेवा, सद्भाव और राष्ट्रहित की भावना को अपनाने की आवश्यकता है। भगवान श्रीराम के आदर्श और हनुमान की भक्ति, सेवा, साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणा हैं। इन्हीं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा देश और छत्तीसगढ़ की खुशहाली, सामाजिक समरसता और जनकल्याण की कामना के साथ प्रदेशव्यापी सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

## पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर 22 को कार्यशाला

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने और विभिन्न सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के तहत 22 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय में सुबह 11 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

### आयोजन : नवोदय एवं प्रयास विद्यालयों की तैयारी पर विशेष जोर

# जोन गढ़फुलझर में लक्ष्य महासमुंद प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



जिला प्रशासन महासमुंद, शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के संयुक्त प्रयास से संचालित महत्वाकांक्षी लक्ष्य महासमुंद अभियान के अंतर्गत जोन गढ़फुलझर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़फुलझर में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय, प्रयास आवासीय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय एवं सैनिक विद्यालय जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं की प्रवेश परीक्षाओं के लिए विद्यालय समय में ही परीक्षा की तैयारी एवं गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार पटेल के स्वागत एवं प्रेरक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि 'लक्ष्य महासमुंद' अभियान विद्यार्थियों की प्रतिभा को सही दिशा देने वाला अभिनव प्रयास है, जिससे ग्रामीण व शहरी अंचल के बच्चों को भी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता के समान अवसर प्राप्त होंगे। अंकोरी के संकुल समन्वयक आरिफ बेग ने अभियान की रूपरेखा, प्रशिक्षण की कार्ययोजना एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी देते हुए शिक्षकों से नियमित अभ्यास, सतत मूल्यांकन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने का आग्रह किया। गढ़फुलझर के संकुल समन्वयक अरुण कुमार प्रधान ने विद्यार्थियों की अधिगम आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण, मासिक मूल्यांकन तथा प्रतियोगी परीक्षा आधारित तैयारी की रणनीतियों पर अपने विचार साझा किए। डीआरजी प्रेमचंद साव ने गणित एवं विज्ञान विषय के प्रभावी अध्यापन, गतिविधि आधारित शिक्षण, तार्किक चिंतन, समस्या समाधान कौशल तथा नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय समय में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्थित तैयारी से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और चयन की संभावनाएँ मजबूत होंगी।

इस अवसर पर बीआरजी मुकेश कुमार साहू, सूरत हाथी, जौशिक सामल एवं एफएलएन नोडल शरण कुमार दास ने भी अपने उद्बोधन में शिक्षकों को सीखने-सिखाने की नई पद्धतियों को अपनाने, नियमित अभ्यास, मासिक परीक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में जोन गढ़फुलझर के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।प्रशिक्षण के दौरान विषयवार शिक्षण रणनीतियों, प्रवेश परीक्षा के स्वरूप, प्रश्न-पत्र विश्लेषण, अध्ययन सामग्री तथा मासिक मूल्यांकन की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि लक्ष्य महासमुंद अभियान के उद्देश्यों को सफल बनाते हुए अधिकाधिक विद्यार्थियों का चयन नवोदय, प्रयास, एकलव्य एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में सुनिश्चित करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

## मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्था की जिम्मेदार है भाजपा की राज्य सरकार : विनोद



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन एवं महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने महासमुंद मेडिकल कॉलेज की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस शासन में जनता की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिस दूरदर्शिता और संघर्ष के साथ जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई थी, आज भाजपा की साय सरकार उसी विरासत को संभालने में पूरी तरह असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि उनके विधायकी कार्यकाल में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने एड़ी चोटी का जोर लगाकर प्रदेश के दूरस्थ अंचल में चिकित्सा शिक्षा की अलख जगाई और कड़ी मेहनत के बाद महासमुंद मेडिकल कॉलेज को 125 एमबीबीएस सीटों की स्वीकृति दिलाई गई। चंद्राकर ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा सरकार इस महत्वपूर्ण संस्थान को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने हाल ही में कॉलेज का निरीक्षण कर फैकल्टी, अस्पताल और हॉस्टल में गंभीर कमियां पाई हैं और सुधार के लिए मात्र 45 दिन का अल्टीमेटम दिया है। यह अल्टीमेटम कोई पहला नहीं है। हर साल इसी तरह की चेतावनी मिलती है, लेकिन भाजपा सरकार की लचर कार्यप्रणाली और काम करने की इच्छाशक्ति की कमी के कारण आज तक स्थिति नहीं सुधरी। एनएमसी की रिपोर्ट के अनुसार कॉलेज में स्वीकृत 33 फैकल्टी पदों में से 24 पद आज भी रिक्त हैं। आधी से ज्यादा फैकल्टी की कमी का सीधा असर 125 सीटों पर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के भविष्य पर पड़ रहा है। नए मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। हॉस्टल भले ही बन गया हो, लेकिन वहां बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। अस्पताल में भी संसाधनों और स्टाफ की भारी कमी है। पूर्व संसदीय सचिव ने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद एक नए मेडिकल कॉलेज को खड़ा कर 125 सीटों की मंजूरी दिला दी थी, तो फिर डबल इंजन की सरकार चारों तरफ विकास की बात करने के बाद भी एक कॉलेज को सुचारू रूप से क्यों नहीं चला पा रही है। उन्होंने मांग की है कि साय सरकार तत्काल फैकल्टी की भर्ती करे, हॉस्टल और अस्पताल की कमियों को 45 दिन के भीतर दूर करे।

## सोनम वांगचुक को जबरन हिरासत में लेकर अस्पताल भेजना लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघनः आप




**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को स्थानीय नेहरू चौक में प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जबरदस्ती हिरासत में लेकर अस्पताल शिफ्ट किए जाने की घटना का विरोध और नीट घोटाले के विरोध में छात्रों द्वारा किए जा रहे संसद मार्च के समर्थन में प्रदर्शन किया और देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफे की मांग किए। पार्टी ने दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए कृत्य की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला उल्लंघन और सरकार की दमनकारी नीति का प्रतीक बताया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश संयुक्त सचिव संजय यादव, महासमुंद जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, कादिर चौहान, मेघा चंद्राकर, शेख अजीम, रामदास यादव, राजेश तिवारी, इमरान खान, सीता दीवान, राजेश यादव, विकास कुमार, लंकेश बंजारे, भीम साहू, पूनाराम निषाद आदि मौजूद रहे।

# हर किसी में नहीं होता लोगों को मोहने का फनः थोरात

### पूर्व एसपी जयंत थोरात का महासमुंद प्रवास, कवियों ने सुनाई पंक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व पुलिस अधीक्षक व साहित्यकार जयंत थोरात का प्रवास गत दिनों महासमुंद में हुआ। साहित्यकारों ने पुराना रेस्ट हाऊस में एकत्रित होकर साहित्यकार अशोक शर्मा, समाजसेवी दाऊलाल चंद्राकर के संयोजन में उनका सम्मान करते हुए वर्षा के फुहारों के बीच कविता की फुहारे समर्पित की। इस अवसर पर पर पूर्व एसपी जयंत थोरात ने महासमुंद के साहित्यकारों की सराहना करते हुए कहा कि हर किसी में लोगों को मोहने का फन नहीं होता, कुछ भी हो जाये पर दोस्त कभी दुश्मन नहीं होता। पंक्तियां समर्पित करते हुए कहा कि जिंदगी उलझनों से भरी जरुर है, पर इसे जीवे का अलग ही सुरुर है। इस अवसर पर महासमुंद के साहित्यकारों ने अपनी मनमोहक पंक्तियों से कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया।

बागबाहरा से पधारे हबीब समर ने कहा कि वक्त बरहम हो तो अपने ही नहीं मिलते है, सूखे पेड़ों को परिंदे भी नहीं मिलते हैं। छत्तीसगढ़ी के सशक्त हस्ताक्षर बंधु राजेश्वर खरे ने कहा कि जुआ झन खेल जी पुलिस धर के ले जाही होही तोला जेल जी। काव्यांश साहित्य के संस्थापक भागवत जगत भूमिल एवं उमेश भारती गोस्वामी ने छत्तीसगढ़ी रचनाओं एवं कुंडलियों से मनमोहक प्रस्तुतियां दी। साहित्यकार सौरिन चंद्रसेन ने कहा कि दबी हुई है होठो पे, वह बात बताने आई हूं। काव्य गोष्ठी को गजलकार मौलाना याकूब कैसर ने ऊंचाईयां देते हुए कहा कि आदमी को बेस्ट होना चाहिए, हर जगह एडजस्ट होना चाहिए। साहित्यकार डॉ. साधना कसार ने गलत के खिलाफ आवाज बुलंद करो सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत एवं गीतकार सुरेन्द्र मानिकपुरी ने धरा करिया समाये रे सगरी अगास सुनाकर पावस का अभिनंदन किया। साहित्यकार सलीम कुरैशी, प्रवीण प्रवाह एवं अशोक शर्मा ने अपनी सुमधुर गजलों से खूब तालियां बटोरी। कुछ नेकी दुनिया में कमाया जाये, अब चलो भाई का छुपाया जाए। साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने कहा कि जिंदगी में मेल कहां आ गया ई-मेल है।

इस अवसर पर साहित्यकार जयंत थोरात के साथ आए रविंद्र चौधरी ने भी पंक्तियां समर्पित की। कवियत्री द्रोपती साहू सरजित, प्रवीण प्रवाह, उत्तम दुबे, निशांत शर्मा ने भी पंक्तियां समर्पित की। इस मौके पर समाज सेवी दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद की धरती साहित्य जगत के लिए अनुपम उपहार है।

उन्होंने थोरात के आगमन को प्रेरणादायी कहा। इस अवसर पर प्रमुख रुप से पत्रकार लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, प्राचार्य कौशल शुक्ला, निशांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित थे। उक्त जानकारी साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने दी है। संचालन पिथौरा से पधारे प्रवीण प्रवाह ने किया। आभार अशोक अशोक शर्मा ने किया।

# घुंचापाली में साइबर सुरक्षा जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

### छात्रों को ऑनलाइन ठगी से बचाव और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) द्वारा सोमवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुंचापाली में पुलिस विभाग के समन्वय से टिप्स फॉर आनलाइन सेफ्टी विषय पर साइबर सुरक्षा जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग के मास्टर ट्रेनर्स ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार तथा डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी एवं बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया का



सुरक्षित उपयोग, साइबर बुलिंग तथा व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि साइबर अपराध की स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल आवश्यक कार्रवाई करना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने प्रतिभागियों को साइबर अपराध के बाद संभावित नुकसान को कम करने के उपायों की जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समाधान किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग, बागबाहरा के अधिकारियों एवं प्रशिक्षण दल का विशेष सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत सीताराम को ग्राफ्टेड बैंगन से मिली आर्थिक समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली विकासखंड के ग्राम पंडरीपानी के किसान सीताराम पटेल ने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सलाह को अपनाकर सीमित क्षेत्र में भी अधिक उत्पादन और बेहतर आय प्राप्त की है।

किसान सीताराम पटेल बताते हैं कि वे पहले पारंपरिक तरीके से धान की खेती करते थे। धान की खेती में मजदूरी, खाद और कीटनाशकों पर अधिक खर्च होने के बावजूद अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता था। बेहतर आय की तलाश में उन्होंने उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया। विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में उन्होंने वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत 0.40 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती प्रारंभ की। खेती में उन्होंने ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया। इन तकनीकों से पानी की बचत हुई, खरपतवार नियंत्रण आसान हुआ तथा पौधों की बेहतर वृद्धि के कारण उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जहां पहले



धान की फसल से लगभग 18 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन मिलता था, वहीं ग्राफ्टेड बैंगन से लगभग 300 क्विंटल प्रति एकड़ तक उत्पादन प्राप्त हुआ। इस नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 30 हजार रुपये की अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते में प्रदान की गई। पटेल ने अपने उत्पाद का विक्रय सरायपाली एवं ओडिशा की मंडियों में किया, जहां उन्हें लगभग 31 रुपए प्रति किलोग्राम का अच्छा मूल्य मिला।

इस खेती में प्रति एकड़ लगभग 18 हजार रुपए की इनपुट लागत, 7 हजार रुपए श्रमिक लागत तथा अन्य खर्चों सहित कुल लागत लगभग 30,800 रुपए रही। इसके बावजूद उन्हें लगभग 3 लाख रुपए का लाभ प्राप्त हुआ, जो पारंपरिक खेती की तुलना में कई गुना अधिक है। सीताराम पटेल की सफलता से ग्राम पंडरीपानी सहित आसपास के क्षेत्रों के किसान भी उद्यानिकी फसलों और आधुनिक खेती की तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

# छग कलार समाज परिक्षेत्र खल्लारी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ कलार समाज परिक्षेत्र खल्लारी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 18 जुलाई शनिवार शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन महासमुंद में हुआ। मंडलेश्वर पद के लिए रघुनाथ सिन्हा, सचिव जीवन सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष द्वारिका सिन्हा एवं मंडल युवामंच अध्यक्ष चुमेश राजू सिन्हा, सचिव मिथलेश सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष दीपक सिन्हा को मुख्य अतिथि युवराज सिन्हा प्रांताध्यक्ष, प्रमिला सिन्हा प्रांताध्यक्ष महिला मंच, अतिविशिष्ट अतिथि डा नीरज गजेंद्र जिलाध्यक्ष, दौलत राम सिन्हा युवा मंच जिलाध्यक्ष, कल्पना सिन्हा महिलामंच जिलाध्यक्ष, दानेश्वर प्रसाद सिन्हा मंडलेश्वर खल्लारी, सेवाराम सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष बंसत सिन्हा, माखन सिन्हा एवं ईश्वर सिन्हा तथा मुकेश डड़सेना जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से शपथ दिलाई गई।

पूर्व मंडलेश्वर दानेश्वर प्रसाद सिन्हा द्वारा पूर्व के पांच वर्षो के कार्यकाल में हुए विभिन्न सामाजिक विकास कार्यो को बताया गया एवं सदैव समाज के सेवा के लिए तत्पर रहने को कहा गया। समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठाभाव के साथ विनम्रता, सौहार्द, धैर्य, सहनशीलता तथा सामाजिक नियमों का पूर्णतः निष्पक्ष एवं निष्काम भाव के साथ कार्यकारिणी को साथ लेकर समाज की एकजुटता, समाज के विकास एवं समस्त स्वाजातीय बंधुओं के उत्तम स्वस्थ्य, सुख -शांति, समृद्धि, यश-कृति वैभव से परिपूर्ण रहने का आशीर्वाद प्रदान किया गया। प्रमिला सिन्हा ने शिक्षा, सामाजिक



एकजुटता, महिलाओं को अधिक से अधिक सक्रिय रूप से सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता प्रदान करने तथा सामाजिक नियमों का पूर्णतः पालन करने को कहा। जिला के जिलाध्यक्ष डा नीरज गजेंद्र ने समाज के विकास के लिए सामाजिक कार्यो के अलावा रचनात्मक, सृजनात्मक एवं अधोसंरचनात्क कार्यो के प्रति कटिबद्ध रहने को कहा गया। दौलत राम सिन्हा युवामंच जिलाध्यक्ष ने कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सिर्फ एक पद की शपथ नहीं बल्कि समाज के विश्वास, जिम्मेदारी तथा समाज सेवा के संकल्प को ईमानदारी, पारदर्शिता, और समर्पण के साथ निर्वहन करने प्रेरित किया। समाज को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का कार्य करने एवं शिक्षा संस्कार, संगठन और सामाजिक एकता को प्राथमिकता, युवामंच सदैव आपके साथ कंधे से कंधे कार्य करने कहा।

इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुरली सिन्हा, प्रेमशंकर सिन्हा मंडलेश्वर सुवरमाल, ओमप्रकाश सिन्हा मंडलेश्वर फिंगेश्वर, सेवाराम सिन्हा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मुकेश डड़सेना जिला निर्वाचन अधिकारी, बसंत सिन्हा प्रांतीय संयोजक राजनीति प्रकोष्ठ, संतोष नशीने प्रांतीय संयोजक विधि प्रकोष्ठ, ईश्वर सिन्हा पूर्व जिलाध्यक्ष, परमेश्वर डड़सेना जिला-महामंत्री, दानेश्वर प्रसाद सिन्हा, पूर्व मंडलेश्वर परि-खल्लारी-महासमुंद, शेखर सिन्हा संरक्षक, युवामंच जिलाध्यक्ष दौलत सिन्हा, धनवंतरी कुमार सिन्हा, कल्पना सिन्हा जिलाध्यक्ष-महिला मंच, विनय सिन्हा, अंकेक्षक तारकेश्वर सिन्हा, नीलकमल सिन्हा क्षेत्राधिकारी, परमेश्वर सिन्हा, डोमेश सिन्हा, लोकनाथ सिन्हा पूर्व सचिव कौडिया पिथौरा, केवल सिन्हा सचिव सिरपुर, राजेश सिन्हा कोषाध्यक्ष खल्लारी, युवा मंच उपाध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, दुर्गेश सिन्हा, चंदन सिन्हा कोषाध्यक्ष, योगेश्वर गोलू सिन्हा संगठन मंत्री, नूतेश कुमार सिन्हा, राजू डड़सेना, कुंदन सिन्हा, रितेश सिन्हा, गजेंद्र कुमार सिन्हा, सतीश सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, लच्छीराम सिन्हा, रमन सिन्हा, बलराम सिन्हा, तोष राम सिन्हा, खेमराज सिन्हा,रानू सिन्हा, भोलाराम सिन्हा, उत्तम सिन्हा, संतराम सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, माखन सिन्हा, परस सिन्हा, टिकेश्वर सिन्हा, डा भूपेंद्र सिन्हा आदि मौजूद रहे। अंत में आभार प्रदर्शन नवनिर्वाचित मंडलेश्वर रघुनाथ सिन्हा ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411